<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 12.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में रांची में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक जारी, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी हैं मौजूद।
2. गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी और देवघर के डीसी–एसपी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का लगाया आरोप, लोकसभा ने लिया संज्ञान।
3. एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी रुद्राष्ट का ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा, 5 घंटे 10 मिनट में पूरी की यूपी के चंदौली से झारखंड के गढ़वा तक की दूरी।
4. पूर्वी सिंहभूम जिले की 28 छात्राओं ने किया इसरो का शैक्षणिक भ्रमण, अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने–समझने का किया प्रयास।
5. साहिबगंज में गंगा नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर, कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात, 20 हजार आबादी प्रभावित, कई स्कूलों में छुट्टी।

*****************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कर रहे हैं। बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद हैं। बैठक के दौरान वित्त मंत्री और कृषि मंत्री ने राज्य के किसानों के हित में बैंकों से लचीला रुख अपनाने की सलाह दी। साथ ही सीडी रेशियो राष्ट्रीय औसत के बराबर तक ले जाने की अपील की।

*****************

गोड्डा के भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे और राज्य सरकार के बीच टकराव एक बार फिर तेज हो गयी है। श्री दुबे ने झारखंड के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, देवघर डीसी और एसपी पर उनके विशेषाधिकार का हनन करने का आरोप लगाया है। सांसद ने इस मामले की शिकायत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की थी, जिस पर लोकसभा ने संज्ञान लिया है। सांसद ने सदन को बताया है कि प्राथमिकी दर्ज कर सांसद के तौर पर उनके कार्य में बाधा पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

*****************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्ध कर्म 16 अगस्त को उनके पैतृक गांव नेमरा में होगा। इस कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नौ आइपीएस अधिकारियों और 40 डीएसपी की तैनाती की गयी है। ये अधिकारी 14 से 16 अगस्त तक नेमरा में रहेंगे। इस बीच दिशोम गुरु के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के आज आठवें दिन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप  श्राद्ध कर्म का विधान पूरा किया।

*****************

पलामू जिले के तरहसी प्रखंड कार्यालय के सामने अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा भूमिहीन किसानों की भूमि संबंधित मांगों को पूरा करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, उनका आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर भाकपा माले के वरिष्ठ नेता बीएन सिंह ने भूमि की ऑनलाइन प्रक्रिया में व्याप्त अनियमितताओं को रोकने और पारदर्शी तरीके से सभी मामलों का निपटारा करने की मांग की है।

*****************

भारतीय रेलवे ने साढ़े चार किलोमीटर लंबी एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी, रुद्रास्त्र का सफलतापूर्वक ट्रायल रन पूरा कर लिया है। इस मालगाड़ी ने उत्तर प्रदेश के चंदौली से झारखंड के गढ़वा तक 209 किलोमीटर की

दूरी 5 घंटे 10 मिनट में तय किया। इस मालगाड़ी में 345 वैगन और 7 इंजन थे। ट्रायल रन पूरा होने के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट संदेश में इसका एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि इसके सफल संचालन से माल परिवहन और लोडिंग में तेजी आएगी।

*****************

पूर्वी सिंहभूम जिले की 28 छात्राओं ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण किया। साइंस ओलंपियाड के माध्यम से चयनित इन छात्राओं ने मिशन कंट्रोल सेंटर में उपग्रह प्रक्षेपण की प्रक्रिया और रीयल–टाइम डेटा मॉनिटरिंग को करीब से देखा। उन्होंने लॉन्च पैड कॉम्प्लेक्स में रॉकेट खड़ा करने, ईंधन भरने और प्रक्षेपण पूर्व तैयारियों की बारीकियों को समझा। साथ ही सैटेलाइट इंटीग्रेशन और टेस्टिंग फैसिलिटी में उपग्रह निर्माण व परीक्षण की तकनीक सीखी। विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने उन्हें चंद्रयान और गगनयान जैसे अभियानों की चुनौतियों और उपलब्धियों से अवगत कराया।

*****************

साहिबगंज में गंगा नदी का पानी खतरे के निशान को पार कर गया है। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं। निचले इलाकों के घरों में पानी घुस गया है और इससे करीब 20 हजार की आबादी प्रभावित है। एहतियात के तौर पर बाढ़ प्रभावित इलाकों के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को आज बंद रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने पचास से अधिक राहत शिविर बनाये हैं। साहिबगंज सदर अंचल अधिकारी बासुकी नाथ टुडू ने बताया कि जान माल की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गये हैं।

*****************

गिरिडीह जिले में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है।

*****************

आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिन को मनाने की शुरुआत की गई थी। युवा देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इस दिन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का मकसद सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मामलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। साथ ही समाज के विकास में युवाओं को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।

*****************

घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी दोपहर में मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स 111 अंक गिरकर 80 हज़ार 493 पर और निफ्टी 27 अंक घटकर 24 हज़ार 558 पर था।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार 9 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 20 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

मौसम विभाग ने आज भी राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 14 अगस्त तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। उन्होंने वज्रपात की आशंका को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

*****************

भारतीय अंडर–20– महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इस सफलता को भारत की झोली में डालने वाली टीम में झारखंड की विकसित बाड़ा के अलावा बबीता कुमारी

और निसिमा कुमारी भी शामिल थीं। रांची लौटेने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्य की इन तीनों बेटियों का भव्य स्वागत किया गया।

****************